शहीद पार्क में बनेगा प्रदेश का पहला ऑक्सीरिडिंग जोन, पढ़ाई के लिए मिलेगा अनुकुल माहौल, विधायक देवेंद्र यादव एवं महापौर नीरज पाल ने किया भूमि पूजन

भिलाई नगर/ भिलाईवासियों को जल्द ही ऑक्सीरिडिंग जोन की सौगात मिलने वाली है इसके लिए विधायक एवं महापौर ने भूमिपूजन कर ऑक्सीरिडिंग जोन के निर्माण के लिए नींव रखी। भिलाई निगम क्षेत्र अंतर्गत सेक्टर 05 में विधायक देवेंद्र यादव एवं महापौर नीरज की पहल से बनने वाला परिसर प्रदेश में बने अन्य लाईब्रेरी से हटकर होगा , गार्डन के हरे भरे वातावरण के बीच पूर्णतः वातानुकुलित माहौल में पढ़ाई करने का माहौल रहेगा। एजुकेशन हब के रूप में भिलाई की पहचान में इस यूनिक रिडिंग जोन के बनने से भिलाई के गौरव में एक और सितारा जुड़ेगा। सेक्टर 05 के शहीद गार्डन में बनने वाले ऑक्सीरिडिंग जोन के लिए विधि विधान से पूजा अर्चना कर निर्माण कार्य के लिए भूमिपूजन हुआ जहां वार्ड के नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए। इस दौरान भिलाईनगर विधायक देवेन्द्र यादव ने कहा कि भिलाई एजुकेशन हब होने के कारण बड़ी संख्या में यहां बाहर से विद्यार्थी पढ़ने के लिए आते है तथा स्थानीय विद्यार्थी जो प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में जुटे हुए है उनके लिए ऑक्सीरिडिंग जोन बेहद लाभकारी होगा। पढ़ने लिखने के लिए अच्छा माहौल मिलेगा तो भिलाई के विद्यार्थी शिक्षा के क्षेत्र में सफलता के शिखर पर पहुंचेंगे। महापौर नीरज पाल ने कहा कि विद्यार्थियों की आवश्यकताओं को देखते हुए ऑक्सीरिडिंग जोन बनाने की प्लानिंग की गई है। प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल जी द्वारा इसकी घोषणा गई थी अमल करने आज भूमिपूजन किया गया, प्रदेश में यूनिक तरह से बनने वाले ऑक्सीरिडिंग जोन में पढ़ाई के लिए अनुकुल माहौल मिलेगा जहां शहर के साथ अन्य जिले या प्रदेश के बाहर से आकर हॉस्टल में रहकर पढ़ाई करने वालों के लिए बेहद कारगार साबित होगा। कार्यक्रम में निगम के पीडब्ल्यूडी प्रभारी एकांश बंछोर , एमआईसी सदस्य रीता सिंह गेरा , नरसिंग नाथ, महापौर के निज सचिव वसीम खान , निगम के कार्यपालन अभियंता सुनील दुबे , उप अभियंता श्वेता महेश्वर उपस्थित थे।